Module on Freedom

Mission 70

Living Constitutional values in day-to-day life

AZADI EVERYDAY

सन्दर्भ

स्वतंत्रता युवा लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मूल्य है। इसके कई पहलू हैं। यह बहुत ज़रूरी है कि युवा न केवल इसकी प्रासंगिकता को समझे बल्कि उन जिम्मेदारियों को भी समझने में सक्षम हैं जो इस मूल्य के साथ जुडी हुई हैं और यह की इस को पूरी तरह से समझना ही जिम्मेदार नागरिक हैं। युवा पीढ़ी के लिए मानवीय मूल्य होने के सन्दर्भ में स्वतंत्रता के बारे में सोचने और समझने की क्षमता होना बहुत ही ज़रूरी है। 'मिशन 70' के तहत इस मॉड्यूल को स्वतंत्रता के अलग अलग पहलुओं पर चर्चा करने के लिए तैयार किया गया है। इस मॉड्यूल को इस विचार के साथ डिज़ाइन किया गया है कि इसे किसी भी प्रकार के युवा प्रतिभागियों या युवा समूहों के साथ इसे इस्तेमाल किया जा सके ।

यह मोडयूल 'वी, द पीपल अभियान' ने इस 'मिशन 70' में इस्तेमाल के लिए तैयार किया है,. वी टी पीपल अभियान संगठनों और व्यक्तियों का एक नेटवर्क है। इसका मिशन भारत में सूचित, सक्रिय और जिम्मेदार नागरिकता का बढ़ावा देना है। यह संगठन, अलग अलग मुद्दों के लेकर गहन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सक्रिय और जिम्मेदार नागरिक के लिए, समझ और कार्यवाही की सुविधा प्रदान करता है।

प्रतिभागियों के साथ परिचय और बातचीत

सत्र शुरू करने से पहले, ट्रेनर को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी प्रतिभागी आराम से बैठे हैं। बाद में ट्रेनर कुछ परिचयात्मक वार्तालाप आरंभ कर सकता है, और नीचे लिखे प्रश्न पूछ सकते है जैसे की ..

- कृपया अपना नाम बताये;
- आप क्या करते हैं?
- यदि आप एक छात्र हैं, तो आप क्या पढ़ रहे हैं और कहाँ हैं?
- क्या उन्होंने पहले कभी इस तरह की किसी भी चर्चा में भाग लिया है?

सत्र का नाम - आजादी एव्रीडे

समय सीमा - एक घंटा तीस मिनट

सत्र का उद्देश्य -
प्रतिभागियों की सहायता करना ताकि वे

- दैनिक जीवन में स्वतंत्रता के मूल्य के आधार पर अपने दृष्टिकोण का विकास कर पायें।
- स्वतंत्रता के विभिन्न पहलुओं को समझें और सराहना कर पायें कि प्रत्येक स्वतंत्रता के साथ साथ जिम्मेदारियां भी हैं।

मुख्य शिक्षण बिंदु -

डेढ़ घंटे के इस सत्र के माध्यम से, ट्रेनर को यह सुनिश्चित करना है कि प्रतिभागी यह सराहना कर पायें और समझ पायें कि

- हम अपने रोजमर्रा के जीवन में, जाने या अनजाने कई प्रकार की स्वतंत्रताओं का आनंद लेते हैं।
- एक जिम्मेदार नागरिक को अपने जीवन के बड़े और छोटे मुद्दों से निपटने के लिए इस मूल्य के प्रति सचेत रहना चाहिए।
- इन मूल्यों और जिम्मेदारियों के प्रति सचेत रहना ही वास्तव में जिम्मेदार नागरिकता है

सूत्रधार के लिए नोट: -

1. सत्र की प्रत्येक गतिविधि में कुछ चर्चा बिंदु / प्रश्न और संदेश बिंदु हैं।
2. ये चर्चा बिंदु ट्रेनर को चर्चा शुरू करने और आगे ले जाने के लिए दी गईं हैं।
3. ट्रेनर को चर्चा करते समय मुख्य शिक्षण / संदेश बिंदुओं को ध्यान में रखना चाहिए।

तालिका

क्रम संख्या	गतिविधि	हैण्ड ओउट / ए वी मटेरियल / विधि	समय अवशी
1	फ़िल्म आज़ादी एव्री डे की स्क्रीनिंग- फ़िल्म श्रृंखला	फ़िल्म की स्क्रीनिंग और चर्चा	20 मिनट
2	मेरे जीवन और स्वतंत्रता का अनुभव	- - -	चर्चा 40 मिनट

गतिविधि 1. फिल्म स्क्रीनिंग

गतिविधि के लिए दिशा-निर्देश

सभी प्रतिभागियों के साथ एक शरुआती परिचयात्मक बातचीत के बाद, ट्रेनर को कहना चाहिए:

• स्वतंत्रता एक महत्वपूर्ण मूल्य है और साथ ही एक मौलिक अधिकार भी है। आपकी नज़र में इस मूल्य के विभिन्न पहलू क्या हैं और यह हमारे दिन-प्रतिदिन के जीवन को कैसे प्रभावित करता है।
• यह जानने के लिए कि रोज़मर्रा की ज़िंदगी की आज़ादी क्या है, एक फिल्म / कुछ फ़िल्में देखें।

यह कहने के बाद, ट्रेनर फिल्म की स्क्रीनिंग करें । आजादी एव्री डे के तहत 2 लघु फिल्में हैं जो इस मॉड्यूल के साथ उपलब्ध हैं। ट्रेनर प्रतिभागियों को फिल्म दिखाने से पहले स्वयं एक बार फिल्म ज़रूर देखें और इन फिल्मों से ऐसी फिल्म / फ़िल्में चुने जो समूह के लिए प्रासंगिक है।

Freedom of Religion & Secularism in India | Bijoe Emmanuel v. State of Kerala | Faizan Mustafa

Freedom of Speech & Expression | Shreya Singhal vs Union of India | Section 66A IT Act, 2000

चर्चा के बिंदु / प्रश्न

- आप इन फिल्मों के बारे में क्या सोचते हैं?
- यह स्वतंत्रता आपके दैनिक जीवन में कितनी महत्वपूर्ण है / हैं?
- क्या आप अपने अधिकारों का प्रयोग करते समय उनके प्रति सचेत रहते हैं?
- क्या आप दूसरों के लिए इन अधिकारों के प्रति भी उतने ही जागरूक हैं?
- इस संदर्भ में क्या आप अपने जीवन से किसी उल्लंघन या स्वतंत्रता के संरक्षण से सम्बंधित कुछ उद्धरण दे सकते हैं?
- क्या आपको लगता है कि एक जिम्मेदार नागरिक यह सुनिश्चित करने में भूमिका निभा सकता है कि स्वतंत्रता का यह मूल्य सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध है?

मुख्य संदेश / सीखने के बिंदु

ट्रेनर को यह सुनिश्चित करना है कि ऊपर दिए गए चर्चा बिंदुओं / प्रश्नों 'की मदद से की गई चर्चा के द्वारा निम्न बिन्दुओं की सराहना हो और प्रतिभागी इन्हें समझने में सक्षम हों: -

- स्वतंत्रता बुनियादी संवैधानिक मूल्यों में से एक है।
- अलग-अलग लोगों के लिए, अलग-अलग संदर्भ में, 'स्वतंत्रता' का अलग अर्थ होता है।
- दूसरों को स्वतंत्रता के अधिकार का एहसास कराना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि हमारी खुद स्वतंत्रता का एहसास, और यह ही जिम्मेदार नागरिकता है।
- हमें अपने दिन-प्रतिदिन के जीवन में अपनी और अन्य स्वतंत्रताओं के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

गतिविधि 2 मेरा जीवन का स्वतंत्रता सम्बन्धी अनुभव

गतिविधि के लिए दिशा-निर्देश

अपने जीवन में मिली स्वतंत्रताओं के बारे में सोचें और एक ऐसी घटना साझा करें जहाँ आप संघष करने के बावजूद उससे वंचित रहेहों और उसे पाने के लए गहरी इच्छा हो। यह घटना आपके परिवार, कार्यस्थल, समुदाय या सरकार के साथ सम्बंधित हो सकती है।

ट्रेनर सभी प्रतिभागियों को एक पेपर और एक पेन दें और सभी प्रतिभागियों को सूचित करें की

- अगला सत्र आपके जीवन से संबंधित है।
- आपके पास बॉक्स में दिए गए कथन के बारे में सोचने के लिए 10 मिनट हैं।
- अपने आप को समय दें और अपने विचारों को एक कागज पर लिखें, यह आप पर निर्भर है कि आप अपने विचारों को, बाक़ी लोगो के साथ साझा करें या नहीं ।

• इस गतिविधि को व्यक्तिगत रूप से किया जाना चाहिए, यदि प्रतिभागियों की संख्या अधिक है तो छोटे छोटे समूह में भी कर सकते हैं. यह निर्णय ट्रेनर को लेना चाहिए।
• अगर गतिविधि समूह में की जा रही है तो ट्रेनर उनमें से कुछ प्रतिभागियों को साझा करने के लिए कह सकते हैं
• कुछ अनुभव साझा करने के बाद प्रतिभागियों से निम्न प्रश्नों की सहायता से चर्चा को आगे बढ़ाएं ।

चर्चा के बिंदु / प्रश्न

• क्या हुआ था ? यह कब हुआ?
• घटना के दौरान आप किन किन भावनाओं को अनुभव कर रहे थे?
• निर्णय लेते समय आपके दिमाग में क्या चल रहा था?
• वे कौन सी स्वतंत्रता थीं जिन पर आप समझौता नहीं कर पा रहे थे?
• आप इस स्वतंत्रता पर समझौता क्यों नहीं कर पाए?
• जब आप दूसरों की स्वतंत्रता का उल्लंघन कर रहे हैं तो क्या आप भी उतना ही जागरूक महसूस करते हैं?

मुख्य संदेश / सीखने के बिंदु

ट्रेनर को यह सुनिश्चित करना है कि इन चर्चा बिंदुओं / प्रश्नों 'की मदद से की गई चर्चा का आगे इस तरह बढ़ाना है कि प्रतिभागी निम्न संदेशों की सराहना कर पायें और समझने में सक्षम हों: -

• हम विभिन्न परिस्थितियों को जीते हैं और हमारे जीवन में विभिन्न प्रकार के संघर्ष होते हैं।
• स्वतंत्रता एक मुख्य मूल्य है और हम अपने अधिकारों से समझौता नहीं करना चाहते हैं।
• स्वतंत्रता का अर्थ सभी के लिए अलग अलग होता है।
• प्रत्येक स्वतंत्रता के साथ कुछ प्रतिबंध और जिम्मेदारियां हैं, उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है कि प्रत्येक नागरिक रोज़मर्रा के जीवन में इस अधिकार का आनंद ले सके।
• एक जिम्मेदार नागरिक न सिर्फ अपनी स्वतंत्रता बल्कि दूसरों की स्वतंत्रता को सुरक्षित करने के लिए तत्पर रहता है।